**NEWS CLIPPING: 20.12.2019**

**HINDUSTAN**

# एश्लान में 23 से प्रैक्टिकल परीक्षा

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसीबोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) की ओर से एश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ईआईटी) के विद्यार्थियों की प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसमें पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थी प्रैक्टिकल परीक्षा में हिस्सा ले सकेंगे। इस सभी छात्रों का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। वहीं, इसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवा दी गई है।

कार्यक्रम के अनुसार प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 23 और 24 दिसंबर को प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जबकि तीसरे और पांचवें सेमेस्टर की प्रैक्टिकल परीक्षा 9 और 10 जनवरी, 2020 को

## जानकारी

- प्रैक्टिकल परीक्षाओं का कार्यक्रम पुनर्निधारित किया
- सभी छात्रों का एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया

आयोजित की जाएगी। मालूम हो कि विश्वविद्यालय की ओर से प्रैक्टिकल परीक्षाएं दिसंबर के प्रथम सप्ताह में आयोजित हो चुकी हैं। वाईएमसीए के प्रेस प्रवक्ता योगेंद्र यादव का कहना है कि एश्लान इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों का कट-ऑफ लिस्ट और परीक्षा फॉर्म देर से जमा होने से इन विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का कार्यक्रम पुनर्निधारित किया गया है। उनका कहना है कि एश्लान इंस्टीट्यूट की ओर से कट-लिस्ट और परीक्षा फॉर्म 7 और 9 दिसंबर को जमा कराया गया था। इसके बाद विश्वविद्यालय की ओर से एडमिट कार्ड जारी किया गया था।

मालूम हो कि वर्ष 2007 में खुले एस्लान इंस्टीट्यूट (कबुलपुर) में अंडर ग्रेजुएट की 480 और पोस्ट ग्रेजुएट की 48 सीटें हैं। वाईएमसीए विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने इंस्पेक्शन करने के लिए गए थे। इस दौरान एश्लान इंस्टीट्यूट की ओर से सहयोग नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर 17 अक्तूबर को एफिलेशन वापस लेने का पत्र जारी किया गया था। लेकिन एश्लान की ओर से निरीक्षण न करवाने का कोई संतोषजनक जवाब नही दे पाया। इसके बाद जेसी बोस विज्ञान व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एफिलेशन वापस लेने का फैसला लिया गया है। इसके बाद एस्लान इंस्टीट्यूट के प्रबंधन ने कोर्ट का सहारा लिया है।

**NEWS CLIPPING: 20.12.2019**

## NAVBHARAT TIMES

# एश्लॉन इंस्टिट्यूट की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

■एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी की तरफ से एश्लॉन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी के छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का शेड्यूल जारी किया गया है। छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं यूनिवर्सिटी परिसर में ही होंगी। यूनिवर्सिटी ने अनियमितताओं के चलते एश्लॉन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी का एफिलिएशन रद्द कर दिया था। इंस्टिट्यूट के छात्रों का हित ध्यान में रखते हुए जेसी बोस यूनिवर्सिटी ने सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए यूनिवर्सिटी के छात्रों के परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किए। इसी कड़ी में अब पहले, तीसरे व 5वें सेमेस्टर के सभी छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए यूनिवर्सिटी ने शेड्यूल जारी किया है। यूनिवर्सिटी के कुलपति दिनेश कुमार के अनुसार पहले सेमेस्टर के लिए 23 व 24 दिसंबर को प्रैक्टिकल होंगे। वहीं, तीसरे व 5वें सेमेस्टर के छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 9 व 10 जनवरी 2020 को होंगी। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी की तरफ से प्रैक्टिकल परीक्षाओं का आयोजन दिसंबर के पहले सप्ताह में किया जा चुका है। एश्लॉन इंस्टिट्यूट की तरफ से छात्रों की कट-लिस्ट व परीक्षा फॉर्म देर से जमा करने के चलते अब इन छात्रों की प्रैक्टिकल परीक्षाओं के लिए दोबारा से कार्यक्रम बनाया गया। इंस्टिट्यूट ने कट-लिस्ट 7 दिसंबर व परीक्षा फॉर्म 9 दिसंबर को जमा कराए थे। इसके बाद 9 दिसंबर को ही यूनिवर्सिटी की तरफ से छात्रों के एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए थे।

**NEWS CLIPPING: 20.12.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी

जासं, फरीदाबाद: जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी द्वारा एश्लॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत एश्लॉन इंस्टीट्यूट के पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं जेसी बोस विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी।विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की 23, 24 दिसंबर को तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 9 व 10 जनवरी को होगी। प्रायोगिक परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट उपलब्ध करवा दिया गया है। विश्वविद्यालय ने प्रायोगिक परीक्षाएं दिसंबर में संपन्न करा ली थी, लेकिन एश्लॉन इंस्टीट्यूट द्वारा विद्यार्थियों की कट-लिस्ट और परीक्षा फॉर्म देर से जमा करने के कारण इन विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाओं का कार्यक्रम पुनर्निधारित किया गया है। एश्लॉन इंस्टीट्यूट द्वारा कट-लिस्ट और परीक्षा फॉर्म क्रमशः सात और नौ दिसंबर को जमा करने के बाद एडमिट कार्ड जारी किए गए थे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 20.12.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# एश्लान इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट के लिए प्रैक्टिकल परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

**फरीदाबाद** | जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (ईआईटी) के स्टूडेंट की प्रैक्टिकल परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। एश्लान इंस्टीट्यूट के पहले, तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के सभी स्टूडेंट की प्रैक्टिकल परीक्षाएं विश्वविद्यालय परिसर में होंगी। विश्वविद्यालय की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम सेमेस्टर के स्टूडेंट की 23 और 24 दिसंबर को प्रैक्टिकल परीक्षा होगी। जबकि तीसरे और पांचवें सेमेस्टर के स्टूडेंट के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा 9 व 10 जनवरी को होगी। प्रैक्टिकल परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर है। विश्वविद्यालय ने प्रैक्टिकल परीक्षाओं का आयोजन दिसंबर के पहले सप्ताह में आयोजित किया जा चुका है।